# अब बिना लाइन लगाए मिलेगी खाद

**सिवनी नवभारत। जिले में किसानों को उर्वरक वितरण में सुगमता प्रदान करने के उद्देश्य से ई-विकास (वितरण एवं कृषि उर्वरक आपूर्ति समाधान)प्रणाली 1 अप्रैल 2026 से पूर्णत: लागू कर दी गई है। यह व्यवस्था मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के मार्गदर्शन में लागू की गई है, जिसके माध्यम से अब शत-प्रतिशत उर्वरक वितरण सुनिश्चित किया जाएगा।**

नई व्यवस्था के तहत किसान घर बैठे ई-टोकन बुक कर सकेंगे और निर्धारित दिनांक एवं समय पर संबंधित उर्वरक विक्रेता से उर्वरक प्राप्त कर सकेंगे। इससे किसानों को वितरण केंद्रों पर लंबी कतारों में लगने की समस्या से राहत मिलेगी।

ई-विकास प्रणाली में वन पट्टाधारी, ठेका भूमि पर खेती करने

### अब ई-विकास प्रणाली से होगा उर्वरक वितरण

वाले, मंदिर या ट्रस्ट की भूमि पर खेती करने वाले तथा नामांतरण लंबित होने की स्थिति में वारिसानों के लिए भी टोकन बुकिंग की सुविधा दी गई है।

प्रणाली के अंतर्गत किसानों को आधार सत्यापन के बाद एग्रीस्टैक के माध्यम से भूमि एवं फसल का विवरण दर्ज करना होगा। इसके आधार पर पोर्टल वैज्ञानिक अनुशंसा के अनुसार उर्वरक की आवश्यकता की गणना स्वत: करता है। किसान उपलब्धता के आधार पर विक्रेता का चयन कर टोकन बुक कर सकते हैं।

सहकारी समितियों के सक्रिय सदस्य किसानों को उर्वरक संबंधित समिति से ही ई-टोकन के माध्यम से मिलेगा, जबकि अन्य किसानों को निजी विक्रेताओं, मार्कफेड एवं एम.पी. एग्रो केंद्रों से उर्वरक उपलब्ध कराया जाएगा।

उपसंचालक कृषि द्वारा सभी उर्वरक विक्रेताओं को प्रणाली का प्रशिक्षण दिया जा चुका है और 1 अप्रैल 2026 से उर्वरकों का विक्रय केवल ई-विकास प्रणाली के माध्यम से करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्देशों का उल्लंघन करने पर जिले के 36 उर्वरक विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

### किसानों से अपील

उपसंचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग द्वारा किसानों से अपील की गई है कि वे अपनी वास्तविक फसल के अनुसार ही ई-टोकन बुक करें। टोकन बुकिंग में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर संबंधित कृषि विस्तार अधिकारी, पटवारी, पंचायत सचिव या रोजगार सहायक से संपर्क करें।

## निजी स्कूलों द्वारा सामग्री खरीद में बाध्यता पर रोक, निर्देश जारी

**सिवनी नवभारत।** मध्यप्रदेश निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन) नियम 2020 की कंडिका 6 के तहत निजी विद्यालय प्रबंधन द्वारा छात्रों या अभिभावकों को पुस्तकें, यूनिफॉर्म, जूते, टाई, कॉपी आदि सामग्री किसी विशेष विक्रेता से खरीदने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता है। अभिभावक इन सामग्रियों को खुले बाजार से खरीदने के लिए स्वतंत्र हैं। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में पूर्व में भी विद्यालय संचालकों एवं प्राचार्यों को निर्देशित किया जा चुका है। इसके बावजूद पुन: छात्रहित को ध्यान में रखते हुए सभी अशासकीय विद्यालयों को सख्त निर्देश जारी किए गए हैं कि शिक्षण सामग्री को लेकर बाजार में किसी भी प्रकार का एकाधिकार न बनने दिया जाए। सभी विद्यालयों को निर्देशित किया गया है कि वे उपयोग में आने वाली शिक्षण सामग्री एवं संबंधित विक्रेताओं की जानकारी अपने सूचना पटल पर प्रदर्शित करें तथा यह जानकारी विभागीय गूगल ड्राइव पर भी अनिवार्य रूप से अपलोड करें। निर्देशों के पालन के लिए जिला स्तर पर मॉनीटरिंग समिति का गठन किया गया है। किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी ने जिले के व्यापारी बंधुओं से भी अपील की है कि वे विद्यार्थियों और अभिभावकों को उचित दरों पर शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराएं, जिससे छात्रहित सुरक्षित रह सके।

## चंद सेकंड में कार से लाखों के जेवर-नकदी पार, चोर फरार



**सिवनी नवभारत।** बरघाट नगर में शनिवार रात बस स्टैंड क्षेत्र में सराफा कारोबारी की कार से लाखों रुपये मूल्य के सोना-चांदी के जेवर और नकदी चोरी होने की वारदात सामने आई है। घटना रात करीब 8 बजे की है, जब कारोबारी दुकान बंद कर घर लौटने की तैयारी कर रहे थे। चंद सेकंड में अंजाम दी गई इस वारदात ने क्षेत्र में हड़कंप मचा दिया है।

### कार में रखे थे जेवर और नकदी से भरे बैग

जानकारी के अनुसार सराफा कारोबारी दिलीप महाजन ने अपनी कार में करीब 25 किलो चांदी, लगभग 30 तोला सोने के जेवर और 2 से 3 लाख रुपये नकदी से भरे दो बैग रखे थे। वे दुकान में ताला लगाने में व्यस्त थे, तभी एक अज्ञात युवक कार के पास पहुंचा और फुर्ती से दरवाजा खोलकर दोनों बैग निकालकर मौके से भाग निकला। पूरी घटना इतनी तेजी से हुई कि आसपास मौजूद लोगों को इसकी भनक तक नहीं लगी।

दुकान बंद कर जब व्यापारी कार के पास लौटे तो दरवाजा खुला देखकर उनके होश उड़ गए। अंदर रखा पूरा सामान गायब था। घटना की जानकारी मिलते ही बस स्टैंड क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए। व्यापारी ने तत्काल पुलिस को सूचना दी।

### कैमरों में कैद हुई वारदात संदिग्ध की तलाश

घटना स्थल के आसपास लगे कैमरों की जांच में एक युवक सफेद शर्ट पहने कार का दरवाजा खोलते और बैग लेकर जाते हुए दिखाई दे रहा है। उसकी गतिविधियां यह संकेत देती हैं कि उसने पहले से मौके की जानकारी जुटाई थी। पुलिस फुटेज के आधार पर संदिग्ध की पहचान करने में जुटी है।

### वाहन से भागा आरोपी

बताया जा रहा है कि वारदात के बाद आरोपी कुछ दूरी तक पैदल गया और फिर अपने एक साथी के साथ दोपहिया वाहन पर सवार होकर बालाघाट की दिशा में फरार हो गया। इससे घटना में एक से अधिक लोगों के शामिल होने की आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार मिश्रा रात में ही बरघाट पहुंचे और मौके का जायजा लिया। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उनकी तलाश के लिए अलग-अलग टीमें गठित की गई हैं। आसपास के जिलों में भी सूचना भेजी गई है।

### एक नजर में

## जनगणना में नागरिकों की भागीदारी आवश्यक

सिवनी नवभारत। भारत सरकार द्वारा आयोजित जनगणना 2027 देश के विकास की दिशा तय करने वाला एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियान है। इसके अंतर्गत जनसंख्या, आवास एवं सामाजिक-आर्थिक स्थिति से संबंधित महत्वपूर्ण आंकड़े एकत्रित किए जाएंगे, जो भविष्य की शासकीय योजनाओं के निर्माण में सहायक सिद्ध होंगे। मध्यप्रदेश में जनगणना 2027 का प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना 1 मई 2026 से 30 मई 2026 तक किया जाएगा। इसके पूर्व 16 अप्रैल 2026 से 30 अप्रैल 2026 तक स्व-गणना की प्रक्रिया संचालित होगी, जिसमें नागरिक स्वयं ऑनलाइन माध्यम से अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। सिवनी जिला में जनगणना को सफल बनाने हेतु व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। नगर निकायों की कचरा संग्रहण गाड़ियों के माध्यम से ऑडियो संदेश प्रसारित किए जा रहे हैं। इसके अलावा शासकीय कार्यालयों के एलईडी डिस्प्ले, प्रमुख चौराहों पर सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली, स्थानीय केबल नेटवर्क एवं सोशल मीडिया के माध्यम से भी जनगणना संबंधी संदेशों का प्रसार किया जा रहा है। नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस प्रक्रिया में सक्रिय सहयोग प्रदान करें तथा सही जानकारी देकर इस राष्ट्रीय अभियान को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

## 8 अप्रैल से बंडेली में श्रीराम कथा का आयोजन




**सिवनी।** केवलारी विकासखंड के ग्राम बंडेली में 8 से 16 अप्रैल 2026 तक श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा। आयोजन की शुरुआत 7 अप्रैल को प्रस्तावित कलश यात्रा से होगी, जबकि प्रतिदिन दोपहर 3 से 6 बजे तक कथा वाचन होगा। यह आयोजन ग्राम स्तर पर सामूहिक रूप से किया जा रहा है और इसमें आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी लोगों के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम ब्रह्मलीन शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती के आशीर्वाद से आयोजित किया जा रहा है। कथा के दौरान राम जन्म, सीता स्वयंवर, वनगमन, भरत मिलाप, लंका दहन और रावण वध जैसे प्रसंगों का क्रमवार वर्णन किया जाएगा। धार्मिक आयोजनों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने की भी पहल मानी जा रही है। कथा वाचन गीता मनीषी ब्रह्मचारी निर्विकल्प स्वरूप द्वारा किया जाएगा। आयोजन के समापन पर 17 अप्रैल को पूर्णाहुति और सामूहिक भंडारे का कार्यक्रम प्रस्तावित है।

## सेवानिवृत्त शिक्षक डेलनसिंह राजनेगी को दी बिदाई



**सिवनी नवभारत।** धनौरा विकासखंड मुख्यलय में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धनौरा में पदस्थ वरिष्ठ शिक्षक डेलनसिंह राजनेगी का विगत दिवस सेवानिवृत्त हुए जिसका आज विद्यालय परिसर में छात्राओ एंव सहपाठी शिक्षकों द्वारा विदाई समारोह रखा गया। जिसमें साथी शिक्षको एंव क्षेत्रवासियों जनप्रतिनिधियों द्वारा सेवानिवृत्त शिक्षक डेलनसिंह राजनेगी के कार्यकाल और उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला और बताया कि किस तरह श्री राजनेगी शैक्षिण कार्यकाल के साथ साथ अन्य कार्यो में भी अपनी अलग पहचान बनाई और एक अच्छे शिक्षक के तौर में श्री राजनेगी का 40 साल के सफर यादगार रहा है।

श्री राजनेगी एक माध्यम वर्गीय परिवार में जन्मे श्री राजनेगी जी ने अपनी कड़ी मेहनत लग्न से शिक्षक बने और शिक्षा के क्षेत्र को अपनी कर्मभूमि बनाया। श्री राजनेगी अपनी इस कामयाबी का श्रेय अपने बड़े भाई भाभी को दिया जिन्होंने उन्हें पढ़ाया और लिखाया इस मुकाम तक पहुचाया। डीएस राजनेगी शिक्षक के साथ साथ वह एक अच्छे पिता अभिभावक भी है जो धनौरा में एक मिसाल के तौर में जाने जाते हैं, श्री राजनेगी की चार संतानों है जिन्हें उच्च शिक्षा दिलाई दो बेटे और दो बेटी चार संतान है जिसमें बड़ी बेटी कृषि विभाग में अधिकारी है और छोटी बेटी डॉक्टर है, दो बेटा है जिसमें बड़ा बेटा राजनीतिक जीवन के साथ एक कुशल कृषक है ,और छोटा बेटा शासकीय जिला अभियोजक के रूप में पदस्थ है। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा श्री राजनेगी जी को श्रीफल शॉल, स्मृति चिन्ह प्रशस्ति पत्र भेंट की गई।

विदाई समारोह में शासकीय महाविद्यालय बरघाट के प्राचार्य डॉक्टर बीएल इनवाती, रेड क्रॉस सोसायटी के चेयरमैन सेवानिवृत्त आई ए एस डॉक्टर श्याम कुमरे ने भी भेंट की। इस दौरान विद्यालय धनौरा स्टॉप से गायत्री साहू, बी एल साहू, नेमसिंह निवारे ,अंकित राने, ठाकुर, श्री अवधिया, वंदना बैस, सीमा मरकाम, ऐडे मैडम, राजेश्वरी कुमरे, जूही यादव , रुखमडी डहेरिया, राधेश्याम झारिया, सहित समस्त स्टॉप जनप्रतिनिधियों की उपस्थित रही स्कूल परिसर के बाद रात्रकालीन संस्कृति कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम में खरसारु से गिरवर पटेल,प्रहलाद पटेल, अरविंद राजपूत, राकेश राजपूत, दामोदर शुक्ला, विनय बघेल, ममलेश पटेल, मुकेश जैन सुमत झारिया लखन बेलिया,अरुण कुमरे, शिवराम उइके , सफीक पटेल, याकूब खान सफीक मिस्त्री, नीलेश जैन, सुजीत मिश्रा, ठाकुर मरकाम, शिक्षक संघ अध्यक्ष ए जी खान, श्रमजीवी पत्रकार परिषद धनौरा के अध्यक्ष प्रहलाद यादव की उपस्थिति रही।




## गर्मी में पशुओं की प्यास बुझाने शंकर ने रखीं पानी की टंकियां

**सिवनी नवभारत।** सदैव सामाजिक सेवा कार्यों में अग्रणीय दया धर्म का मूल है के सूत्र को अपने हृदय आचरण में आत्मसात कर उपनगरीय भैरोगंज सिवनी के निवासी श्री शंकर मखीजा द्वारा इन गर्मी के दिनों नगर के विभिन्न स्थलों में घूमते मूक पशुओं की प्यास बुझाने के पवित्र उद्देश्य से अनेक सार्वजनिक स्थलों में सीमेंट के पक्के टांके रखे जाकर उन स्थान के निवासियों से बड़ा ही मार्मिक अनुरोध किया जा रहा है कि आप प्रतिदिन कम से कम एक दो बाल्टी पानी इन टांकों में गाय, बैल, भैंस,बकरी, कुत्ते आदि मूक प्राणियों की प्यास बुझाने के दया के भावों से भरे,ताकि वे उस भरे पानी से अपनी प्यास बुझा ले।उनके द्वारा विगत वर्षों में भी मूक प्राणियों के लिये निरंतर सेवा कार्य किये गए। शनिवार को उनके द्वारा शुक्रवारी, बड़े जैन मंदिर बरघाट मार्ग, पुराने सूर्य मंदिर क्षेत्र,रघुनाथ नगर , मठ मंदिर क्षेत्र ,पृथ्वी राज चौहान वार्ड,महामाया वार्ड कॉलेज रोड, लडैया मोहल्ला,अंबेडकर वार्ड आदि अनेक स्थानों चौक चौराहों में जाकर स्वयं के व्यय से टांके रखवाए गए उनके द्वारा किये गए इस पुनीत कार्य में लखनवाड़ा सोसायटी के प्रबंधक श्री रामकुमार बघेल के द्वारा आर्थिक सहयोग किया गया।

## तेज बारिश के बाद गिरा तापमान

**सिवनी नवभारत।** बारिश और आंधी के कारण बिजली भी बार-बार गुल होती रही, जिससे आमजनों को परेशानी हुई। बारिश के कारण सड़कों पर पानी भर गया और लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। बरघाट नगर में शाम 5:30 से 6:30 बजे के बीच हुई इस जोरदार बारिश के कारण खेतों और खलिहानों में खुले में रखी कटी हुई फसलें भीग गईं, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान की आशंका है। राजस्व विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि तूफान और बारिश के कारण हुए नुकसान का मैदानी स्तर पर सर्वे किया जाएगा, जिसके बाद ही वास्तविक क्षति का आधिकारिक आंकड़ा सामने आ सकेगा। तीन दिन पहले जिला मुख्यालय सहित लखनादौन घंसौर व केवलारी के पलारी इत्यादि क्षेत्रों में कुछ देर तेज बारिश से मौसम में ठंडक आ गई थी। वहीं 3 अप्रैल को सिवनी-बालाघाट मार्ग पर स्थित बरघाट के आसपास आंधी तूफान के साथ जोरदार बारिश ने कोहराम मचा दिया। तेज हवाओं व आंधी ने बड़े-बड़े पेड़ों को धराशायी कर दिया।

## भाजपा नेताओं ने जताया शोक, सुजीत जैन ने छिंदवाड़ा पहुंचकर दी श्रद्धांजलि



**छिंदवाड़ा नवभारत।** जिला भाजपा अध्यक्ष श्री शेषराव यादव एवं एसएमटी बस ट्रांसपोर्ट संचालक श्री सेवक यादव के पूज्य पिताजी के निधन से क्षेत्र में शोक व्याप्त है। पूर्व जिला अध्यक्ष एवं कटनी जिला प्रभारी श्री सुजीत जैन छिंदवाड़ा पहुंचे और शोकाकुल परिवार से मिलकर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति एवं परिवार को दु:ख सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की।

इस अवसर पर चौरई के पूर्व विधायक पं. रमेश दुबे, जूनारदेव विधानसभा के पूर्व भाजपा प्रत्याशी आशीष कुमार, जिला महामंत्री एवं नगर निगम पार्षद पं. विजय पांडे सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने पुष्प श्रद्धांजलि अर्पित की।

## वीर वटकेश्वर महादेव मंदिर में बटुक ब्राह्मणों ने किया शिखर कलश स्थापित

### हर हर महादेव से गूंजा परिसर

**सिवनी नवभारत।** नगर के बारापत्थर स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी समता नगर में नवनिर्मित वीर वटकेश्वर महादेव मंदिर के शिखर पर कलश स्थापना राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक श्रीमाता राजराजेश्वरी दुर्गा चौक दुर्गा मंदिर के आचार्य पंडित राजेंद्र पांडे जी के सानिध्य में दिनांक 2 अप्रैल 2026 हनुमान जन्मोत्सव चैत्र शुक्ल पक्ष पूर्णिमा,विक्रम संवत 2083,शक संवत 1948, अभिजीत मुहूर्त,अमृत काल में कलश का पूजन अभिषेक कर मंदिर के शिखर पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ बटुक ब्राह्मण,लक्ष्य एवं योग शर्मा के हस्ते, श्री शिवाय नमस्तुभ्यं,ओम नम: शिवाय एवं हर हर महादेव के गगनभेदी उदघोष के मध्य सैकड़ो शिव भक्त की उपस्थिति में शिखर कलश की स्थापना की गई। सैकड़ो शिव भक्त



इस ऐतिहासिक एवं धार्मिक कार्यक्रम के साक्षी एवं पुण्य के भागी बने।उपस्थित सभी ने इस अविरल भक्ति में अपने को धन्य माना। इस अवसर पर मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित मोहन पांडे, सहयोगी पंडित शुभम महाराज तथा सभी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी रहे। ज्ञात हो कि नवनिर्मित मंदिर नगर के प्रतिष्ठित परिवार के धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में अग्रणी रहे स्वर्गीय श्री चंद्रभान सिंह एवं स्वर्गीय श्रीमती तारा देवी की स्मृति में उनके सुपुत्र जितेंद्र सिंह(पत्रकार) द्वारा उनके निज निवास बारापत्थर स्थित कॉलोनी समता नगर के प्राचीन वट वृक्ष में भगवान शिवजी का मंदिर एवं शिव परिवार की स्थापना बीते वर्ष 5 अगस्त 2025 शक संवत 1947, विक्रम संवत 2082, मास श्रावण,शुक्ल पक्ष, तिथि पुत्रदाएकादशी,नक्षत्र ज्येष्ठा,मंगला गौरी व्रत अभिजीत मुहूर्त में की गई थी। वहीं शिवजी के प्राकटोत्सव शिवरात्रि के दिन सवा क्विंटल वजनी त्रिशूल स्थापित किया गया। शिखर कलश स्थापना के अवसर पर आचार्य पंडित राजेंद्र पांडे जी ने कहा कि जिन मंदिरों में गुम्बद या शिखर बनाया जाता है उनमें उस गुम्बद या शिखर पर कलश व ध्वजा चढ़ाना अनिवार्य होता है।

## सिवनी रेलखंड के निरीक्षण में सुरक्षा पर फोकस, व्यवस्थाएं सुधारने के दिए निर्देश

**सिवनी नवभारत।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल में रेल सुरक्षा और यात्री सुविधाओं को लेकर चल रही कवायद के बीच मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता ने शनिवार को इतवारी छिंदवाड़ा- सिवनी- नैनपुर-गढ़ा रेलखंड का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान ट्रैक से लेकर स्टेशनों तक की व्यवस्थाओं को परखते हुए अधिकारियों को सुधार के स्पष्ट निर्देश दिए गए।

सुबह इतवारी से शुरू हुए निरीक्षण में रेल पटरियों की स्थिति, प्वाइंट्स, क्रॉसिंग और सिग्नल व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया गया। ट्रेन के संचालन के दौरान सफर की गुणवत्ता को भी परखा गया, ताकि यात्रियों को सुरक्षित और सुगम यात्रा मिल सके। निरीक्षण का फोकस केवल तकनीकी पहलुओं तक सीमित नहीं रहा, बल्कि जमीनी स्तर पर सुविधाओं की वास्तविक स्थिति को समझने पर भी रहा।

रेलखंड के प्रमुख स्टेशन—छिंदवाड़ा, सावनेर, सिवनी, घंसौर, शिकारा, नैनपुर और गढ़ा—पर चल रहे निर्माण और पुनर्विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए मंडल रेल प्रबंधक ने कार्यों की गति और गुणवत्ता दोनों पर जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्लेटफॉर्म, प्रतीक्षालय और माल लदान शेड जैसे कार्य तय समयसीमा में पूरे किए जाएं और गुणवत्ता से कोई समझौता न हो।

यात्री सुविधाओं के मोर्चे पर पेयजल, साफ-सफाई, रोशनी और बैठने की व्यवस्था की स्थिति का निरीक्षण किया गया। गर्मी के मौसम को देखते हुए पानी की उपलब्धता बनाए रखने और सूचना प्रणाली को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए।

**सम्मान** — खेलो इंडिया अस्मिता वूमेंस नेशनल किक बॉक्सिंग लीग में मिली 10 हजार की नकद राशि, महाविद्यालय में हुआ सम्मान

# सिवनी की बेटी अनुप्रिया कौरव ने राष्ट्रीय स्तर पर जीता सिल्वर मेडल

**सिवनी नवभारत।** स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया एवं युवा मामले एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशन तथा वाको इंडिया किकबॉक्सिंग फेडरेशन के सहयोग से खेलो इंडिया अस्मिता वूमेंस नेशनल किकबॉक्सिंग लीग 2025- 26 का आयोजन 26 से 29 मार्च 2026 तक चेन्नई (तमिलनाडु) में किया गया।

इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में सिवनी (मध्य प्रदेश) की बेटियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले एवं प्रदेश का गौरव बढ़ाया। इसी क्रम में पीजी कॉलेज सिवनी की एनसीसी कैडेट अनुप्रिया कौरव ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल अपने नाम किया।

अनुप्रिया ने पूरे टूर्नामेंट में दमदार प्रदर्शन किया और फाइनल



मुकाबले में मात्र एक अंक के अंतर से गोल्ड मेडल से चूक गईं। उनकी इस उपलब्धि पर उन्हें 10,000 की नगद पुरस्कार राशि (चेक) भी प्रदान की गई।

उनकी इस सफलता के सम्मान में महाविद्यालय में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट पवन कुमार वासनिक ने कहा कि अनुप्रिया की यह उपलब्धि कई बेटियों के लिए प्रेरणादायक है और यह उनकी 5 वर्षों की कठोर मेहनत का परिणाम है। जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष अजय बाबा पाण्डेय ने उन्हें बधाई देते हुए भविष्य में और ऊँचे स्तर पर सफलता प्राप्त करने की शुभकामनाएं दीं। वहीं प्राचार्य डॉ. रविशंकर नाग ने कहा कि महाविद्यालय में प्रतिभाओं का सम्मान करना एक सराहनीय पहल है, जिससे अन्य विद्यार्थी भी प्रेरित होंगे।

### कोच का भी सम्मान

इस अवसर पर अनुप्रिया के पिता पवन कौरव एवं कोच निकेश पदमाकर का भी सम्मान किया गया। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एस.पी. सिंह व डॉ दिनेश चित्रिव ने एनसीसी के माध्यम से युवाओं में नेतृत्व, अनुशासन एवं आत्मविश्वास के विकास हेतु किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में डॉ. सविता मसीह,डॉ नावकर,ओमेश्वर ठाकरे, डॉ. ज्योति कुमरे, के.सी. राउर, सीमा मर्सकोले, लिडिया कुमरे,डॉ हर्षा, शैलेन्द्र जैन, विशाल सूर्यवंशी, डॉ प्रशांत पाण्डेय, सहित महाविद्यालय के अनेक प्राध्यापक, स्टाफ, एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस स्वयंसेवक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## भीड़ में जेब काटने वाला शातिर चोर कोतवाली पुलिस की गिरफ्त में

**सिवनी नवभारत।** पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा चोरी एवं नकबजनी के अपराधों के रोकथाम के लिए सतत् सक्रिय रहते हैं जिनके कुशल नेतृत्व एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सचिन परते के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा लगातार अपराधियों की धरपकड़ करते हुए आम आदमी को राहत पहुँचाने का प्रयास किया जाता रहा हैं जो इसी क्रम में चोरी की 01 घटना का खुलासा कोतवाली पुलिस ने किया हैं। गत 02 अप्रैल को अमित राजपूत पिता भरतसिंह राजपूत उम्र 42 वर्ष निवासी खेरीटेक सिवनी द्वारा थाना कोतवाली सिवनी में रिपोर्ट लेख कराया कि हनुमान जन्मोत्सव में पूजा पाठ करने के दौरान रात्रि करीब 08/00 बजे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा इसके जेब में रखे नकदी करीबन 17000/- रुपये चोरी कर लिया



है, रिपोर्ट पर अपराध क्र. 254/2026 धारा 303(2) बीएनएस का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया उक्त घटना को अंजाम देने करने वाले अज्ञात आरोपी की तलाश पतासाजी हेतु थाना स्तर पर टीम गठित की गई एवं घटना स्थल बालस्वरूप हनुमान मंदिर के आसपास संदिग्ध के संबंध में आसपास के व्यक्तियों से पूछताछ एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर प्रार्थी का पीछा करने वाले एक संदिग्ध की पहचान इस्लाम खान पिता असलम खान निवासी टिग्गा मोहल्ला सिवनी के रूप में हुई जिसकी तलाश की जाकर पूछताछ की गई जिसने पूछताछ पर प्रार्थी के जेब से पैसे निकालने की बात स्वीकार की तथा कुछ पैसे खर्च कर लेना तथा 7250 रुपये पास में होना बताने पर रुपयों की विधिवत् जप्ती एवं गिरफ्तारी की जाकर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

आरोपी इस्लाम खान के विरूध्द पूर्व में भी थाना कोतवाली अपराध क्रमांक 66/2021 धारा 25 आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबध्द है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सतीश तिवारी, प्र.आर. संजय यादव, मनोज पाल, आर. मुकेश चौरिया, राजेन्द्र राजपूत की विशेष भूमिका रहीं हैं।